सत्यमेव जयते

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

भारी पानी बोर्ड

विज्ञापन संख्या : भापाबो/2/2014

"सरकार ऐसा मानवबल बनाने के लिए प्रयत्नशील है, जिसमें लैंगिक संतुलन परिलक्षित हो और महिलाएं आवेदन करने के लिए प्रेरित हों "

भारत के विभिन्न भागों में स्थित भारी पानी संयंत्रों में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

श्रेणी – I प्रशिक्षणार्थी : कुल पद : 62

पद सं.	कार्यक्षेत्र	रिक्तियों की संख्या (**)					शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता
		अनारक्षित	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा	कुल	
1.	रसायन	17	11	7	4	**39**	रसायन अभियांत्रिकी में डिप्लोमा **(*)**
2.	यांत्रिक	7	3	1	- -	**11**	यांत्रिक अभियांत्रिकी में डिप्लोमा **(*)**
3.	विद्युत	2	1	- -	- -	**03**	विद्युत अभियांत्रिकी में डिप्लोमा **(*)**
4.	यंत्रीकरण	2	2	1	- -	**05**	यंत्रीकरण/इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार /इलेक्ट्रॉनिक एवं दूरसंचार में डिप्लोमा **(*)**
5.	रसायन (प्रयोगशाला)	**2**	1	1	- -	**04**	मुख्य विषय के रूप में रसायन एवं सहायक विषय के रूप में भौतिकी/गणित /जीव विज्ञान के साथ बी.एससी **(*)**

(*)सभी विषयों में संयुक्त रूप से न्यूनतम 60% अंक

(**) बताई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है।

श्रेणी – I I प्रशिक्षणार्थी : कुल पद : 105

पद सं.	कार्यक्षेत्र	रिक्तियों की संख्या (**)					शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता
		अनारक्षित	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा	कुल	
1.	यांत्रिक (फिटर)	15	4	5	1	**25**	विज्ञान एवं गणित सहित एसएससी में न्यूनतम 60% अंक + फिटर ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र **(*)**
2.	विद्युत	11	5	3	1	**20**	विज्ञान एवं गणित सहित एसएससी में न्यूनतम 60% अंक + विद्युत ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र **(*)**
3.	यंत्र – मैकेनिक	5	1	4	- -	**10**	विज्ञान एवं गणित सहित एसएससी में न्यूनतम 60% अंक + यंत्र-मैकेनिक/ इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार / इलेक्ट्रॉनिक एवं दूरसंचार में ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र **(*)**
4.	प्रक्रिया/संयंत्र प्रचालक	22	12	12	4	**50**	उच्चतर माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा (10+2 या 12 वर्ष की अवधि की शिक्षा) भौतिकी, रसायन एवं गणित सहित सभी विषयों में संयुक्त रूप से 60% अंक

(*) आईटीआई पाठ्यक्रम की अवधि 2 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए / एनसीटीवीटी पाठ्यक्रम 3 वर्ष से कम अवधि का नहीं होना चाहिए।
(**)बताई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है।
नोट : डिग्री/डिप्लोमा आईटीआई प्रमाणपत्र किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान का होना चाहिए।

महत्वपूर्ण :
श्रेणी-I एवं II के लिए भर्ती नियम के अनुसार पात्रता के तरीके का निर्धारण न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अंकों के प्रतिशत के आधार पर किया गया है। तथापि, यदि अतिरिक्त उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थी इस पद के लिए चयन की इच्छा रखते हैं, तो उन्हें भर्ती के लिए विचार करने के मौके से वंचित नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी जो पहले से ही अधिक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त हैं या उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया को भर्ती होने के बाद पूरा करने वाले हैं, उन पर अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के आधार पर नीचे बताई गई अवधि तक पदोन्नति के लिए विचार नहीं किया जाएगा :

क) बी.एससी / अभियंत्रिकी में डिप्लोमा - 6 वर्ष
ख) बी.टैक / एएमआईई /एम.एससी - 8 वर्ष
ग) एम.टैक/ पीएच.डी - 10 वर्ष

शारीरिक मानक	
	कोई अपंगता नहीं होनी चाहिए।
	रतौंधी एवं वर्णांधता वाले व्यक्ति को अपात्र माना जाएगा।
	जिनके कान के पर्दे में छेद हो, वे आवेदन न करें। तथापि, वे अभ्यर्थी जिनके कान में पहले छेद था और उन्होंने शल्यक्रिया के माध्यम से उसे ठीक करवा लिया हो, वे आवेदन करने के पात्र हैं।
कद	पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम क्रमश: 152 से.मी. एवं 148 से.मी. होगी।
वजन	अभ्यर्थी का न्यूनतम/अधिकतम वजन उसके कद के अनुसार बीएमआई के अनुसार 18.5 से 25 के अंदर होना चाहिए। वे अभ्यर्थी जिनका बीएमआई17 से 18.5 (थोड़ा दुबलापन) एवं 25 से 27.5 (थोड़ा मोटापा) पर भी विचार किया जा सकता है बशर्ते कि वे अन्यथा तंदरूस्त हों और यदि आवश्यक हुआ तो उनका और चिकित्सा परीक्षण होगा।
दृष्टि	दूर की दृष्टि : 6/18 या उससे बेहतर (बिना चश्मा या अन्य कोई चीज लगाए), 6/6 तक करेक्टेबल। निकट दृष्टि / एन 8 (बिना चश्मा या अन्य कोई चीज लगाए), एन/6 तक करेक्टेबल।
वे अभ्यर्थी जो उपरोक्त शारीरिक मानकों को पूरा नहीं करते हैं, उनका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।	

श्रेणी। एवं श्रेणी।। प्रशिक्षणार्थीओं के लिए और अधिक जानकारी :

चयन का तरीका

श्रेणी -। एवं श्रेणी-।। के अभ्यर्थियों के लिए **दो घंटे की अवधि** की वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा जिसमें निगेटिव मार्किंग होगी। **प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 (एक) अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ½ (आधा) अंक काटा जाएगा।**
लिखित परीक्षा में निम्नलिखित शामिल होगा :
The Written Examination shall include :
श्रेणी -। के लिए : सायकोमीटरिक/एप्टीट्यूड/सामान्य ज्ञान/रोजाना काम आने वाला विज्ञान/अभ्यर्थी के विषय से संबंधित प्रश्न।
श्रेणी -।। (10+2) के लिए : सायकोमीटरिक/एप्टीट्यूड/सामान्य ज्ञान/रोजाना काम आने वाला विज्ञान/ 12वीं कक्षा स्तर की भौतिकी, रसायन एवं गणित से संबंधित प्रश्न।
श्रेणी -।। (10+आईटीआई) के लिए : सायकोमीटरिक/एप्टीट्यूड/सामान्य ज्ञान/रोजाना काम आने वाला विज्ञान/ 10वीं कक्षा + आईटीआई स्तर की भौतिकी एवं गणित से संबंधित प्रश्न।
शैक्षणिक योग्यता (10 + आईटीआई) वाले श्रेणी-।। अभ्यर्थियों के लिए ट्रेड परीक्षा लागू होगी।
वे अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा, यदि लागू हो, में अर्हक होते हैं, उन्हें साक्षात्कार के लिए चयनित किया जाएगा।
(उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय अंग्रेजी/हिन्दी में उत्तर देने का विकल्प दिया जाएगा)

प्रशिक्षण के दौरान समेकित अध्येतावृत्ति (स्टाइपेंड) :

विवरण	**सरकारी आवास के साथ**		**मुंबई में सरकारी आवस बिना**	
	पहले वर्ष	**दूसरे वर्ष**	**पहले वर्ष**	**दूसरे वर्ष**
श्रेणी-। प्रशिक्षणार्थी	रू. 9300/-	रू.10500/-	रू. 12090/-	रू. 13650/-

श्रेणी-।। प्रशिक्षणार्थी	रू. 6200	रू. 7200/-	रू.8060/-	रू. 9360/-

नियमानुसार **एक बार पुस्तक खरीदने हेतु भत्ते के रूप में रू. 1500/-** देय होगा।
प्रशिक्षण की अवधि एवं अध्येतावृत्ति की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पद/ग्रेड

दो वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थीओं के कार्यनिष्पादन एवं प्रशिक्षण के अंत में होने वाले साक्षात्कार के आधार पर निम्नलिखित ग्रेडों में नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा :

श्रेणी । प्रशिक्षणार्थी के लिए – वैज्ञानिक सहायक/सी
श्रेणी ।। प्रशिक्षणार्थी के लिए – तकनीशियन/बी या तकनीशियन/सी
प्रशिक्षण सफलतापूर्वक समाप्त करने पर श्रेणी-।। प्रशिक्षणार्थीओं को समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान कर उच्च आरंभिक वेतन प्रदान किए जाने पर विचार किया जाएगा।
वे प्रशिक्षणार्थी जो नियुक्ति के लिए निर्धारित अंकों से कम अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें एब्जार्ब नहीं किया जाएगा और प्रशिक्षण से निष्काषित कर दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने एवं किए गए प्रशिक्षण के मद्देनजर ऐसे निष्काषित प्रशिक्षणार्थी को यह अधिकार नहीं होगा कि वह नियुक्ति के लिए दावा कर सके। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षणार्थी का चयन एवं तैनाती विभिन्न संयंत्रों में रिक्तियों की उपलब्धता एवं वास्तविक आवश्यकताओं के अधीन होगी। यदि प्रशिक्षण के दौरान या उसके बाद श्रेणी । एवं ।। के प्रशिक्षणार्थी के आचरण एवं पूर्ववृत्त में कुछ खामी पाई जाती है, तो उसे सरसरी तौर पर प्रशिक्षण से निरस्त किया जा सकता है। इस संबंध में विभाग के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। यदि प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद तत्काल नियुक्त नहीं किया जाता है, तो जब कभी भी रिक्ति आती है, पैनलबद्ध प्रशिक्षणार्थीआकें को नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जाएगा।

नियुक्ति के बाद वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन

श्रेणी । प्रशिक्षणार्थी : वैज्ञानिक सहायक/सी – वेतन बैंड ₹ 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन ₹ 4600 (पीबी-2)
श्रेणी ।। प्रशिक्षणार्थी :
तकनीशियन/बी - वेतन बैंड **₹ 5200-20200** तथा ग्रेड वेतन **₹ 2000 (पीबी-1)**
तकनीशियन/सी - वेतन बैंड **₹ 5200-20200** तथा ग्रेड वेतन **₹ 2400 (पीबी-1).**

बंध पत्र :

क) प्रशिक्षणार्थीओं को निर्धारित प्रपत्र में एक करार और श्रेणी-। के प्रशिक्षणार्थीओं को रू. 2,25,000/- एवं श्रेणी-।। के प्रशिक्षणार्थीओं को रू. 1,60,800/- का क्षतिपूर्ति बंधपत्र प्रस्तुत करना होगा। यह करार एवं क्षतिपूर्ति बंधपत्र चयनित अभ्यर्थी एवं एक जमानती द्वारा संयुक्त रूप से निष्पादित किया गया होगा। जमानती केन्द्र या राज्य सरकार में कार्यरत स्थाई राजपत्रित अधिकारी स्तर का होना चाहिए।

चयनित अभ्यर्थीयों के लिए प्रशिक्षण पूरा करना एवं नियुक्ति के पश्चात विभाग में तीन वर्ष की अवधि तक कार्य करना आवश्यक है। ऐसा न करने की स्थिति में प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्राप्त अध्येतावृत्ति (स्टाइपेंड) की कुल राशि एवं उसके ऊपर ब्याज जोड़कर जो राशि बनती है, उसका भुगतान करना होगा।

नोट : प्रशिक्षण की अवधि के दौरान एवं उसके बाद अभ्यर्थी को दिन-रात पाली में कार्य करना होगा। आरंभिक प्रशिक्षण का स्थान भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना या भापासं, कोटा, राजस्थान होगा। भारी पानी संयंत्र मणुगुरू/कोटा द्वारा प्रशिक्षणार्थीओं को छात्रावास उपलब्ध करवाया जाएगा।

श्रेणी - । एवं ।। प्रशिक्षणार्थीओं के लिए आयु सीमा (01.01.2015 को)

पद का नाम	आयु सीमा
श्रेणी । प्रशिक्षणार्थी	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष
श्रेणी ।। प्रशिक्षणार्थी	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 22 वर्ष

एसएससी या समकक्ष पास + राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय या कें.औ.सु.ब. अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र का स्टेशन ऑफीसर पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र **या** अग्निशमन अभियांत्रिकी संस्थान, भारत/लंदन से स्नातक।

स्टेशन ऑफीसर/ए

पदों की संख्या	**01** (अनारक्षित) भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना के लिए □**(बताई गई रिक्ति अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है ।)**□
<u>शैक्षणिक योग्यता</u> एसएससी या समकक्ष पास + राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय या कें.औ.सु.ब. अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र का स्टेशन ऑफीसर पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र **<u>या</u>** अग्निशमन अभियांत्रिकी संस्थान, भारत/लंदन से स्नातक । **<u>अनुभव</u> :** किसी सुस्थापित पूर्णकालिक अग्निशमन सेवा संगठन में कम से कम सब-ऑफीसर रैंक में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक है । **<u>नोट</u> :** बगैर बी.ई. (अग्निशमन) योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए उपरोक्त अनुभव के होते हुए भी, स्टेशन ऑफीसर/ए के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद 3 वर्ष का संबंधित अनुभव होना आवश्यक है । **<u>या</u>** i) बी.ई. (अग्नि अभियांत्रिकी)□	
अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना चाहिए और फायर इंजन फायर पंपों एवं अन्य अग्निशमन उपकरणों के प्रचालन एवं अनुरक्षण का पूरी तरह से ज्ञान होना चाहिए ।	
आयु सीमा **Age Limit**	01.01.2015 को ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष है । **अधिक अनुभव एवं उत्कृष्ट मेरिट वाले अभ्यर्थियों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी ।**
वेतन बैंड **Pay Band**	**पीबी-2** ₹ 9300-34800 + **ग्रेड वेतन** ₹ 4800 **(उपरोक्त वेतन के अतिरिक्त केन्द्र सरकार कर्मचारियों को लागू भत्ते)**
चयन का तरीका एवं शारीरिक मानक	**कृपया नीचे देखें**

सब ऑफीसर/बी1

पदों की संख्या□	01 (अजा) भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना के लिए **(रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है).**
<u>शैक्षणिक योग्यता</u> एसएससी या समकक्ष पास + राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय या कें.औ.सु.ब. अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र से सब ऑफिसर का पाठ्यक्रम । **भारी वाहन चालने का वैध लाइसेंसधारी को वरीयता दी जाएगी ।**	
अनुभव□	लीडिंग फायरमैन के रूप में 5 वर्ष **या** किसी मान्यताप्राप्त सिविल/औद्योगिक अग्निशमन केन्द्र में फायरमैन/ड्रायवर कम ऑपरेटर का 8 वर्ष का अनुभव ।
आयु सीमा	01.01.2015 को ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष है । **अधिक अनुभव एवं उत्कृष्ट मेरिट वाले अभ्यर्थियों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी ।**
वेतन बैंड	**पीबी-2** ₹ 9300-34800 + **ग्रेड वेतन** ₹ 4200 (**उपरोक्त वेतन के अतिरिक्त केन्द्र सरकार कर्मचारियों को लागू भत्ते**)
चयन का तरीका एवं शारीरिक मानक	**कृपया नीचे देखें**

<u>स्टेशन ऑफीसर/ए एवं सब ऑफीसर/बी1 के लिए चयन का तरीका एवं शारीरिक मानक</u>

चयन का तरीका	चयन नीचे निर्दिष्ट शारीरिक मूल्यांकन, कमांड परीक्षा के आधार पर किया जाएगा: 30 सेकेंड में 100 मीटर की दौड़ पूरी कर सके । 3 मिनट के अंदर उपकरण से 50 फीट लम्बी होस की चार लंबाई बिछा सके । 2 मिनट में 35 फीट की एक्सटेंशन सीढ़ी पर दो बार चढ़-उतर सके । लगभग अपने वजन के व्यक्ति को फायरमैन लिफ्ट पद्धति द्वारा 3 मिनट में 25 मीटर से अधिक उठाकर ले जा सके । क) लगातार 20 बार "पुराअप" लगा सके । 10 मिनट में 1 मील दौड़ सके । **<u>निम्नलिखित कर सके :</u>** शारीरिक प्रशिक्षण, स्क्वाड ड्रिल, अग्निशमन ड्रिल, अग्निशमन/ट्रेलर पंप प्रचालन, ड्राइविंग परीक्षा, फायर टेंडर का प्रचालन एवं फोम टेंडरों का उपयोग कर फोम तैयार करना **और कान के पर्दे ठीक होने सहित चिकित्सा फिटनेस एवं वैयक्तिक साक्षात्कार के अधीन ।**□
शारीरिक मानक	शारीरिक रूप से अपंग नहीं होना चाहिए । कद: 165 सें.मी. (न्यूनतम), वजन : 50 कि.ग्रा. (न्यूनतम) छाती : 81 सें.मी. (सामान्य) एवं 86 सें.मी. (फुलाकर) दृष्टि : 6/6, बिना कोई चश्मा या एड लगाए हुए ।

	रतौंधी एवं वर्णांधता अयोग्यता होगी।
नोट	वे अभ्यर्थी जिनके पास "भारी वाहन चालन लाइसेंस" के अलावा किसी अन्य श्रेणी का वाहन चालन लाइसेंस हो, उसे लाइसेंस जारीकर्ता प्राधिकारी/अधिसूचित उपयुक्त प्राधिकारी से प्राप्त भारी वाहन चालन लाइसेंस के समबद्ध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

<u>तकनीशियन – सी / डी (क्रेन प्रचालक)</u>

पदों की संख्या	**07** (अनारक्षित-**3**, अपिव-**1** एवं अजा-**3**) **(रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है)**
शैक्षणिक योग्यता: एससएससी में 60 % अंक **<u>या</u>** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी।	
<u>अनुभव</u> : किसी प्रतिष्ठित उद्योग/संगठन में कोल्स/टीआईएल/एक्कॉर्टस टायर माउंटेड क्रेनों, टाटा पी एवं एच क्रॉलर क्रेन, 35 मी.टन. ट्रैक्टर ट्रेलर एवं फोर्क लिफ्ट (इलेक्ट्रिकल एवं डीजल प्रचालित) के प्रचालन एवं अनुरक्षण का अनुभव। तकनीशियन/सी के लिए न्यूनतम 4 वर्ष एवं तकनीशियन/डी के लिए न्यूनतम 8 वर्ष। **अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का वेध लाइसेंस होना चाहिए।**	
आयु सीमा	01.01.2015. को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 33 वर्ष।☐
वेतन बैंड	**पीबी**-1 ₹ 5200-20200 + **ग्रेड वेतन** ₹ 2400 (तकनीशियन/सी के लिए) **पीबी**-1 ₹ 5200-20200 + **ग्रेड वेतन** ₹ 2800 (तकनीशियन/डी के लिए) (**इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार कर्मचारी को देय भत्ते**)
चयन का तरीका	ट्रेड परीक्षा एवं वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।
शारीरिक मानक	रतौंधी एवं वर्णांधता अयोग्यता होगी।

<u>तकनीशियन – सी / डी (मैकेनिक कम डोज़र ऑपरेटर)</u>

पदों की संख्या	**01** (अनारक्षित) **रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है।**
<u>शैक्षणिक योग्यता :</u> एसएससी में 60 % अंक **<u>या</u>** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी + एक वर्ष की अवधि का डीजल मैकेनिक में ट्रेड प्रमाणपत्र। 1000 केवीए डीजल जनरेटर एवं बीईएमएल डोजर के प्रचालन एवं अनुरक्षण का अनुभव आवश्यक है। तकनीशियन/सी के लिए न्यूनतम 4 वर्ष एवं तकनीशियन/डी के लिए न्यूनतम 8 वर्ष। **अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का वेध लाइसेंस होना चाहिए।**	
आयु सीमा	01.01.2015. को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 33 वर्ष।☐
वेतन बैंड	**पीबी**-1 ₹ 5200-20200 + **ग्रेड वेतन** ₹ 2400 (तकनीशियन/सी के लिए) **पीबी** -1 ₹ 5200-20200 + **ग्रेड वेतन** ₹ 2800 (तकनीशियन/डी के लिए) (**इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार कर्मचारी को देय भत्ते**)
चयन का तरीका	ट्रेड परीक्षा एवं वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।
शारीरिक मानक	रतौंधी एवं वर्णांधता अयोग्यता होगी।

<u>सामान्य निर्देश</u>

1.	आवेदन केवल **ऑनलाइन** ही स्वीकार किए जाएँगे
2.	ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया **www.hwb.gov.in या hwb.mahaonline.gov.in** वेबसाइट देखें।
3.	अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे पदों का विवरण तथा निर्देशों को नीचे तथा वेबसाईट भी ध्यान पूर्वक पढ़ लें
4.	ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक 18.12.2014 से 31.01.2015 तक उपलब्ध रहेगी।
5.	आवेदन प्रोसेसिंग शुल्क : ₹ 20/- + सरविस टॅक्स यथा लागू. **(अजा/अजजा, महिला, भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांग व्यक्तियों को आवेदन शुल्क से छूट है।**
6.	एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस / समायोजित नहीं किया जाएगा।
7.	जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा तथा प्रत्येक पद के लिए अलग से शुल्क अदा करना होगा।
8.	अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर होना चाहिए। ये नंबर तथा ई-मेल इस भर्ती के जारी रहने के दौरान सक्रिय रहना चाहिए। भारी पानी बोर्ड लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए सिर्फ रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर सूचना / कॉल लैटर प्रेषित करेगा।
9.	इस संबंध में बाद में यदि कोई संशोधन / परिवर्तन होता है तो उसे केवल भारी पानी बोर्ड की वेबसाईट पर ही नोटीफाई किया जाएगा, इस वेबसाईट को अभ्यर्थी नियमित रूप से देखते रहें।

10. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र का एक प्रिंट आउट लेना होगा तथा इस पर एक पासपोर्ट आकार की फोटो लगाकर उसे किसी राजपत्रित अधिकारी से साक्ष्यांकित करवाना होगा।

11. उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। यदि किसी श्रेणी में रिक्तियों की संख्या कम होती है अथवा शून्य भी की जाती है तो इससे अभ्यर्थी को यदि किसी प्रकार की क्षति / हानि होती है तो भारी पानी बोर्ड उसकी क्षतिपूर्ती करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

12. लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को नीचे दी गई जाँच सूची के अनुसार आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी संबंधित दस्तावेजों की साक्ष्यांकित प्रति के साथ ऑनलाईन आवेदन पत्र तथा प्रवेश पत्र का एक प्रिंट आउट लाना होगा इसके।

13. किसी भी पद के लिए आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह निर्धारित अर्हता के मानकों को पूरा करते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि में अभ्यर्थी के पास किसी मान्य विश्वविद्यालय / संस्थान से आवश्यक शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता होनी चाहिए।

14. विज्ञापन में उल्लिखित अनुभव की अवधि का निर्धारण आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के संदर्भ में किया जाएगा।

15. विज्ञापन में विहित योग्यताओं के पूरा करने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं हो जाता है।

16. स्क्रीनिंग में छाँट गए अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

17. लिखित परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा केंद्रों पर किया जाना प्रस्तावित है :

मुंबई	चेन्नै	हैदराबाद
बड़ौदा	कोटा	भुवनेश्वर

अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में केन्द्र के चयन के लिए अपना वरीयता क्रम इंगित कर सकते हैं (कम से कम तीन केन्द्र)। केन्द्र का आवंटन प्रत्येक केन्द्र पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। एक बार चुने गए केन्द्र को बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारी पानी बोर्ड को यह अधिकार होगा कि वह विभिन्न क्षेत्रों के अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर केन्द्रों की संख्या अधिक या कम कर सके।

18. लिखित परीक्षा ऑनलाइन / ऑफलाइन ली जाएगी । आवश्यक परीक्षा शुल्क अभ्यर्थी से अलग से लिया जाएगा जिसकी सूचना बाद में दी जाएगी। **(अजा/अजजा, महिला, भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांग व्यक्तियों को आवेदन शुल्क से छूट है)**

19. ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार मुंबई में होगा ।

20. अतिरिक्त लाभ :

परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी नियमानुसार स्वीकार्य सामान्य वेतन एवं भत्तों के अतिरिक्त निम्नलिखित सुविधाओं के पात्र भी हैं :

- कार्य करने के लिए जोशीला माहौल जिसमें उच्च अकादमिक शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है
- पऊवि की योग्यता आधारित पदोन्नति योजना के तहत वैज्ञानिक सहायकों / तकनीशियनों की उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति।
- स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के लिए पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल
- सुनियोजित एवं विशिष्ट टाउनशिप में सुरक्षित आवास
- कार्य निष्पादन संबंधित आकर्षक प्रोत्साहन
- आकर्षक प्रोफेशन अपडेट एलाउंस तथा छुट्टी यात्रा सुविधा (स्वंय तथा परिवार के लिए)
- शिक्षा सुविधा / ट्यूशन फीस आदि की प्रतिपूर्ती
- घर, वाहन तथा कंप्यूटर के लिए विभागीय ऋण सुविधा

21. इस विज्ञापन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को आरंभ में भारी पानी बोर्ड, मुंबई अथवा संपूर्ण भारत में स्थापित भारी पानी संयंत्रों में नियुक्त किया जा सकता है तथा वे जनहित में आवश्यकतानुसार परमाणु ऊर्जा विभाग की भारत में स्थित किसी भी संबद्ध इकाई में कार्य करने के लिए उत्तरदायी होंगे

22. केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त निकायों में कार्य करने वाले व्यक्तियों को साक्षात्कार के समय **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्रस्तुत करना होगा।

23. आयुसीमा में छूट :

a. अजा / अजजा हेतु आरक्षित पदों के लिए 5 वर्ष तक छूट
b. अन्य पिछड़ी जातियों हेतु आरक्षित पदों के लिए 3 वर्ष तक छूट
c. विकलांग व्यक्तियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी।
d. भूतपूर्व सैनिकों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी ।
e. ऐसे विभागीय अभ्यर्थी जिन्होंने समान लाईन में अथवा संबद्ध कैडर में दिनांक 31.01.2015 तक कम से कम

	तीन वर्षों की सतत एवं नियमित सेवा प्रदान की है, वे उच्च आयु सीमा में नियमानुसार छूट के पात्र होंगे।
"नोट : आयु सीमा में छूट केवल आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत आने वाले पदों के लिए ही स्वीकार्य होगी"	
24.	<u>छूट :</u> 1. 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर, 1989 की अवधि में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर प्रभाग में रहने वाले व्यक्तियों को उच्च आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी। **2.** <u>1984</u> के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों / परिवार के सदस्यों को उच्च आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी । उन्हें 1984 के दंगों में प्रभावित होने का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।
25.	अनारक्षित पदों के लिए समुदाय / समूह पर ध्यान दिए बिना सभी अर्हक अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा जबकि अजा/अजजा/अपिव तथा शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित पदों के लिए संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थियों पर ही विचार किया जाएगा । इस उद्देश्य के लिए अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को अपनी अक्षमता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
26.	अपिव के संबंध में, प्रमाण पत्र में विशेष रूप से यह इंगित होना चाहिए किए अभ्यर्थी भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-Estt(SCT) तथा दिनांक 09.03.2004 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt. (Res) एवं दिनांक 14.10.2008 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt (Res) के संशोधनानुसार वर्णित व्यक्तियों / वर्ग (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है तथा यह प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए और आवेदन करने की तिथि पर कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार व कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा मान्य होना चाहिए
27.	अजा व अजजा प्रमाणपत्र निर्धारित प्रपत्र में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए तथा जाति / समुदाय संबंधित राज्य के संबंध में राष्ट्रपति आदेश में शामिल होना चाहिए।
अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को अपने आवेदन में इसका स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए (चाहे वे अनारक्षित रिक्ति के लिए आवेदन कर रहे हों) तथा साक्षात्कार के समय उन्हें निर्धारित प्रपत्र में इसका साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा यदि वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो उन्हें अनारक्षित अभ्यर्थी के रूप में माना जाएगा बाद में समुदाय स्टेटस बदलने के लिए उनके किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।	
28.	अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को अपना जाति प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार रोजगार में लागू निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। यह प्रपत्र भारी पानी बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है।
29.	<u>यात्रा भत्ता :</u> अजा / अजजा के बाहरी अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / साक्षात्कार हेतु आने जाने के लिए लघुतम मार्ग अथवा वास्तविक अदा किराए में से जो भी कम हो, के आधार पर, द्वितीय श्रेणी (सामान्य श्रेणी) के रेल किराए के पात्र होंगे, टिकट / टिकट क्रमांक आदि प्रस्तुत करने पर ही उन्हें यह किराया दिया जाएगा। **<u>परंतु, यात्रा भत्ता उन अजा/अजजा के अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य नहीं है जो पहले से ही केन्द्रीय / राज्य सरकार, केन्द्रीय/राज्य सरकार कॉरपोरेशन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय सरकारी संस्थान तथा पंचायतों में सेवारत हैं।</u>**□यदि लिखित परीक्षा ऑनलाईन आयोजित की जाती है तो इसके लिए यात्रा भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।
30.	नियुक्त किए जाने वाले अभ्यर्थी नई अंशदायी पेंशन स्कीम के तहत शासित होंगे।
31.	उपरोक्त श्रेणियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रकृति में देश के विभिन्न भागों में स्थापित प्रचालन संयंत्रों में राउण्ड-द-क्लॉक शिफ्ट ड्यूटी में कार्य करना शामिल हो सकता है।
32.	**परिवीक्षा :** चयनित व्यक्ति को नियमानुसार परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा।
33.	किसी भी आवेदक की अभ्यर्थिता किसी भी स्तर पर निरस्त करने या स्वीकार करने का अधिकार भारी पानी बोर्ड के पास सुरक्षित है।
34.	**<u>जाँच सूची (साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियाँ) :</u>** शॉर्टलिस्ट किए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट के साथ निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी : a. शैक्षणिक योग्यता तथा तकनीकी योग्यता (उपयुक्त अंकतालिकाओं के साथ जिसमें परीक्षा के विषयों का उल्लेख हो) b. जन्म तिथि / आयु का प्रमाण c. विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में जारी अजा/अजजा/अपिव का प्रमाण पत्र d. शारीरिक अक्षमता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी अशक्तता प्रमाण पत्र e. कश्मीर प्रभाग में दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान मूल निवास प्रमाण पत्र (यदि कश्मीर प्रभाग के लिए आयु सीमा में छूट का दावा किया गया हो)

	f. इस आशय का प्रमाण पत्र कि वे 1984 के दंगा प्रभावित हैं। g. भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र

आवेदन कैसे करें ।

अभ्यर्थियों को वेबसाइट www.hwb.gov.in या hwb.mahaonline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अन्य किसी तरीके से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख की राह न देखते हुए समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें।
2. ऑनलाइन आवेदन करते समय उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/साक्षात्कार के लिए सूचिबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को भापाबो द्वारा मांग किए जाने पर आवेदन में किए गए दावे के समर्थन में दस्तावेजों/संबंधित प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होगी।
3. किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें :

   हेल्पडेस्क:(022) 2548 6409 / 11

   ई.मेल : apor@mum.hwb.gov.in या rect@mum.hwb.gov.in

4. आवेदन प्रपत्र के साथ उपलोड किए जाने वाले दस्तावेज।

   क) अभ्यर्थी का नीवनतम पासपोर्ट आकार का फोटो (अधिकतम–50 केबी) (ऊँचाई X चौड़ाई = 4.5 X 3.5 से.मी.).
   ख) अभ्यर्थी के हस्ताक्षर (अधिकतम–50 केबी) (ऊँचाई X चौड़ाई = 4.5 X 3.5 Cms.).
   ग) Signature of the candidate (Max size–50 KB) (Ht. X Wd. = 4.5 X 3.5 Cms.).

नोट :

(i) ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने में किसी भी प्रकार की असंगति के लिए भारी पानी बोर्ड (भापाबो) उत्तरदायी नहीं होगा। अत: आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निर्देशों एवं यूजर गाइड का कड़ाई से पालन करें।

(ii) आवेदन प्रपत्र में आवेदक द्वारा प्रस्तुत किया गए विवरण को अंतिम माना जाएगा और आवेदन की अगली प्रक्रिया इन्हीं विवरणों के आधार पर की जाएगी।

(iii) आवेदन प्रपत्र अपलोड/प्रस्तुत करने से पहले अभ्यर्थी को सतर्कता बरतनी होगी और पद के लिए आवेदन करने की अपनी पात्रता सुनिश्चित करनी होगी। आवेदन प्रपत्र का कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

(iv) चयनित न किए गए अभ्यर्थियों का रिकार्ड चयन सूची जारी होने की तारीख से छ: माह तक ही रखा जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 31.01.2015 को 2400 बजे तक। इस अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

चेतावनी

लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रस्तुत सूचना के आधार पर ही शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये सभी सूचनाएँ सत्य हैं। यदि बाद में किसी भी स्तर पर अथवा साक्षात्कार के समय उनके ऑनलाईन आवेदन में दी गई सूचनाओं में से कोई भी सूचना अथवा दावा गलत पाया जाता है तो उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी साथ ही वे किसी भी अन्य उपयुक्त कार्रवाई के पात्र भी होंगे।

किसी भी प्रकार का प्रचार करने से अभ्यर्थी को अयोग्य करार कर दिया जाएगा

* * * * *